# ध्येय पथ
## अगस्त 2023

## मासिक ई-पत्रिका



### सम्पादक
### श्रीमती पुष्पा निषाद
### डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

## महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़
## गोरखपुर

## लोकमान्य तिलक महाप्रयाण दिवस




01 अगस्त को महाविद्यालय प्रार्थना सभा में पं. बाल गंगाधर तिलक महाप्रयाण दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह उद्घाटन समारोह




01 अगस्त को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में विभाग प्रभारी डॉ. दीपशिखा नागवंशी ने छात्राओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन सहायक आचार्य सुश्री रितिका त्रिपाठी ने किया।

## आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय जयन्ती




02 अगस्त को महाविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय जयन्ती पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की श्रीमती दिव्या दुबे तथा आभार ज्ञापन डॉ. राम सहाय ने किया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का दूसरा दिन

02 अगस्त को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के दूसरे दिन '' एक्सक्लूसिव ब्रेस्ट फीडिंग शीर्षक'' पर लोगो मेंकिग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 17 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए पंचम सेमेस्टर की अंकिता मिश्रा को प्रथम स्थान, सोनी विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान तथा महिमा यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी तथा लक्ष्मी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. सुधा शुक्ला डॉ. शालू श्रीवास्तव जी रही। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रभारी डॉ. दीपशिखा नागवंशी ने किया।




## विश्व स्तनपान सप्ताह का तीसरा दिन

03 अगस्त को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के तीसरे दिन '' एक्सक्लूसिव ब्रेस्ट फीडिंग'' शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी. एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की महिमा यादव को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की प्रति विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की महिमा यादव को तृतीय स्थान तथा एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. दीपशिखा नागवंशी तथा सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मृति सिंह ने किया।



## मैथलीशरण गुप्त जयन्ती

03 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में मैथलीशरण गुप्त जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापिका सुश्री अनीशा गुप्ता ने सबको सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रार्थना सभा प्रभारी सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।




## विश्व स्तनपान सप्ताह का चौथा दिन

04 अगस्त को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के चौथे दिन ''एक्सक्लूसिव ब्रेस्ट फीडिंग'' शीर्षक पर 'फूड मेकिंग कम्पटीशन फॉर लैक्टेटिंग मदर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 26 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी को प्रथम स्थान, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय स्थान बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की शीतल शर्मा को तृतीय स्थान व बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की वन्दना चौहान को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में श्रीमती शिप्रा सिंह, डॉ. दीपशिखा नागवंशी तथा सुश्री स्मृति सिंह जी रही। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।




## विशिष्ट व्याख्यान

04 अगस्त को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्राचीन इतिहास पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में भारत के ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठित राष्ट्रवादी इतिहासकार डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता विभाग प्रभारी डॉ. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया।



## विश्व स्तनपान सप्ताह का पाँचवा दिन

05 अगस्त को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के पाँचवें दिन एक्सक्लूसिव ब्रेस्ट फीडिंग शीर्षक पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 19 छात्राओं ने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एम.ए.तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी लक्ष्मी व दिव्या कुमारी को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की वर्तिका यादव, वन्दना चौहान, मुस्कान चौहान व शीतल शर्मा को द्वितीय स्थान व बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की कविता निषाद व अंजलीलता को तृतीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की रीमा गुप्ता, रीना व रोशन जहाँ को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. दीपशिखा नागवंशी तथा सुश्री रीतिका त्रिपाठी जी रही। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री स्मृति सिंह ने किया।




## विशिष्ट व्याख्यान

05 अगस्त को महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विज्ञान द्वारा ''भारतीय राजनीति में धर्म एवं जाति की भूमिका'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया है। व्याख्यान के मुख्य वक्ता सर्वोदय किसान डिग्री कॉलेज, कौड़ीराम, गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिनव त्रिपाठी ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन एवं आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी श्री हरिकेश यादव ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान

07 अगस्त को महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल की जयन्ती के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर के आचार्य एव पूर्व अध्यक्ष प्रो. राजवन्त राव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने दिया है। आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी इक्ष्वाकु प्रताप सिंह ने दिया। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मणिन्द्र यादव व डॉ. विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।



## स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम



07 अगस्त को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश गुप्त एवं डॉ. आरती सिंह ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान




08 अगस्त को महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा अगस्त क्रांति की 81वीं वर्षगांठ पर 'राष्ट्रवाद की मुखर अभिव्यक्ति : अगस्त क्रांति'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता राजकीय महिला डिग्री कॉलेज सलेमपुर, देवरिया तथा उपाध्यक्ष भारतीय इतिहास संकलन समिति गोरक्षप्रांत के प्रो. हरीश कुमार ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के श्री उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया तथा आभार ज्ञापन विभाग के अध्यक्ष श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया।

## भारत छोड़ो आन्दोलन दिवस

08 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में भारत छोड़ो आन्दोलन दिवस पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री भानु प्रताप सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ती गुप्ता व संयोजन उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।




## निबन्ध प्रतियोगिता

08 अगस्त को महाविद्यालय में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा ''भारत छोड़ो आन्दोलन में स्वतन्त्रता सेनानियों की भूमिका'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के कुल 22 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रीति विश्वकर्मा को प्रथम स्थान, ज्योति विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान व जुबैदा खातुन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्रीमती विभा सिंह, श्री अभिषेक त्रिपाठी, श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी। प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।



## काकोरी एक्शन डे (व्याख्यान कार्यक्रम)

09 अगस्त को महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा काकोरी एक्शन डे के अवसर पर 'ब्रिटिश हुकुमत के विरूद्ध संगठनात्मक प्रतिकार'' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता इमामबाड़ा गर्ल्स डिग्री कॉलेज गोरखपुर की सहायक आचार्य इतिहास विभाग की डॉ. अल्का सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की डॉ. अर्चना गुप्ता तथा आभार ज्ञापन विभाग की श्री उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया।




## काकोरी ट्रेन एक्शन डे




09 अगस्त को महाविद्यालय की प्रार्थना सभा में काकोरी ट्रेन एक्शन डे पर बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री विष्णु पटेल ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।

## शहीद बन्धु सिंह बलिदान दिवस

12 अगस्त को महाविद्यालय में शहीद बंधु सिंह बलिदान दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता उप–प्राचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात आपने योगाभ्यास भी करवाया।



## विशिष्ट व्याख्यान




12 अगस्त को महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा साहित्य की पठनीयता विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता किसान पी.जी. कॉलेज सेवरही कुशीनगर के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंट एण्ड्र्यूज कॉलेज, गोरखपुर के हिन्दी विभाग के सह–आचार्य डॉ. सुशील राय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र तारकेश्वर पाण्डेय ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुधा शुक्ला ने किया।

## क्विज प्रतियोगिता

12 अगस्त को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब के अन्तर्गत एड्स जागरूकता विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अर्चना साहनी एवं पूजा गुप्ता की टीम को प्रथम स्थान राजा बाबू पाण्डेय एवं अभिषेक की टीम को द्वितीय स्थान तथा विष्णु पटेल व भानु प्रताप सिंह की टीम को तथा अमेरिका निषाद व सचिन चौहान की टीम को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह ने तथा संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।



## अखण्ड भारत स्मृति दिवस

14 अगस्त को महाविद्यालय के इतिहास विभाग के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''अखण्ड भारत स्मृति दिवस के अवसर पर ''अखण्ड भारत : एक नैसर्गिक सत्य'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय महिला महाविद्यालय खलीलाबाद सन्तकबीर नगर के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री विद्याधर मिश्रा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम का संयोजन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य श्री उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने तथा संचालन श्री हरिकेश यादव ने किया।




## 77 वां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

15 अगस्त को महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 77वां स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने ध्वजारोहण कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग की आचार्य प्रो. सुषमा पाण्डेय ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया।



## रामकृष्ण परमहंस पुण्यतिथि एवं अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति दिवस

16 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में रामकृष्ण परमहंस पुण्यतिथि एवं अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति दिवस के अवसर पर बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र भानु प्रताप सिंह ने उद्बोधन प्रस्तुत किया।




## सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला (उद्घाटन समारोह)

17 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रसंघ महंत अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अध्यक्ष महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम बालापार गोरखपुर के कुलपति मे. जन. (डॉ.) अतुल बाजपेई (से.नि.) जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने प्रस्तुत किया।



## मदनलाल ढींगरा बलिदान दिवस




17 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में मदन लाल ढींगरा बलिदान दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## सप्तदिवसीय व्याख्यान माला का दूसरा दिन

18 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति सप्त दिवसीय व्याख्यानमाला के अन्तर्गत ''हमारी सामाजिक–सांस्कृतिक विरासत'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के आचार्य प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती सिंह ने तथा आभार ज्ञापन उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया।




## सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला का तीसरा दिन

19 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय व्याख्यान माला के अन्तर्गत ''भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा'' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल के रसायनशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जितेन्द्र भावसार ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर ने तथा आभार ज्ञापन महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।



## सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला का चौथा दिन

20 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यान माला के चौथे दिन ''सामाजिक परिप्रेक्ष्य में नाथयोग दर्शन'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान के आचार्य प्रो. संतोष शुक्ला ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के अभिषेक त्रिपाठी ने किया।




## सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला का पाँचवाँ दिन

21 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के पॉचवें दिन ''भारत ईरान सम्बन्ध : एक सांस्कृतिक संवाद'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विपुला दुबे ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने तथा संचालन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया।



## सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला का छठवां दिन

22 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के छठे दिन ''प्लास्टिक प्रदूषण एवं समाधान ''विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के रसशास्त्र एवं आयुर्वेद विभाग के आचार्य प्रो. के. रामचन्द्र रेड्डी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य प्रो. राजवंत राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के डॉ. अखिलेश गुप्ता ने किया तथा आभार ज्ञापन उप–प्राचार्य डॉ. वेंकट रमन ने किया।



## सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला का समापन समारोह




23 अगस्त को महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के शिक्षाशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. राज शरण शाही ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## विद्यार्थी उन्मुखीकरण एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम




24 अगस्त को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थी उन्मुखीकरण एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्री भारत कुमार, श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल सुश्री साक्षी चौबे व श्रीमती श्वेता जी रही। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन व संयोजन विभाग प्रभारी श्री नन्दन शर्मा ने किया।

## राजगुरू जयन्ती



24 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में राजगुरू जयंती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान के वक्ता बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के आशीष पाण्डेय ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## विशिष्ट व्याख्यान




26 अगस्त को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'खेल एवं सामाजिक जीवन' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान




26 अगस्त को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा ''हिन्दी भाषा के विकास में कम्प्यूटर का योगदान'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक आचार्य प्रियांशु श्रीवास्तव ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधा शुक्ल एवं आभार ज्ञापन डॉ. आरती सिंह ने किया।

## रानी पद्मिनी जौहर दिवस




26 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में रानी पद्मिनी जौहर दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता बी.एड्. की छात्राध्यापिका मधुमिता गौड़ ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## अतिथि व्याख्यान



26 अगस्त को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा "डिजिटल टैक्सोनौमी : ई फ्लेरा विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता एशियन इण्टरनेशनल विश्वविद्यालय लैमसैंग मणिपुर के सहयुक्त आचार्य डॉ. शोभित कुमार श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने व आभार ज्ञापन प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## कक्षा प्रतिनिधियों का चयन एवं प्रत्याशी नामांकन



28 अगस्त को छात्रसंघ चुनाव के प्रथम चरण के अन्तर्गत कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव का आयोजन किया गया। प्रत्येक कक्षा में बहुविकल्पीय परीक्षा का आयोजन किया गया। संचालित सभी पाठ्यक्रमों / विषयों के अन्तर्गत कुल 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव छात्रसंघ संविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर 02, उपाध्यक्ष पद पर 02, महामंत्री पद पर 03 तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर 01 प्रतिनिधियों ने पर्चा दाखिल किया।

## छात्रसंघ चुनाव योग्यता भाषण




29 अगस्त को छात्रसंघ चुनाव के नामांकित प्रत्याशियों द्वारा योग्यता भाषण का प्रस्तुतीकरण किया गया। योग्यता भाषण में अध्यक्ष पद के लिए श्री शिवम गुप्ता, सुश्री ममता गौड़, उपाध्यक्ष पर के लिए सुश्री पूजा मद्धेशिया व सुश्री संजना सिंह महामंत्री पद के लिए सुश्री पूनम यादव, श्री भानू प्रताप सिंह व श्री आलोक चौहान तथा पुस्तकालय मंत्री पद के लिए श्री सचिन चौहान ने विद्यार्थियों के समक्ष अपना–अपना विचार प्रस्तुत कर उनसे अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## छात्रसंघ चुनाव मतदान

30 अगस्त को छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर सुश्री ममता गौड़ अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री शिवम गुप्ता से 09 मतो से, उपाध्यक्ष पद पर सुश्री संजना सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी सुश्री पूजा मद्धेशिया से 131 मतो से, महामंत्री पद पर श्री आलोक चौहान अपने निकटतम प्रतिद्धन्दी श्री भानु प्रताप सिंह से 22 मतो एवं पुस्तकालय मंत्री पद पर श्री सचिन चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए। अन्त में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं मुख्य चुनाव अधिकारी श्री हरिकेश यादव ने विजित प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र देकर उन्हे भावी जीवन की शुभकामनाएं दीं।






## मेजर ध्यानचन्द जयन्ती

29 अगस्त को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में मेजर ध्यानचन्द जयंती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक श्री आदर्श कुँवर सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया।



## राखी मेंकिंग प्रतियोगिता

29 अगस्त को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा राखी मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 27 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की लक्ष्मी कुमारी को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की वन्दना चौहान को द्वितीय स्थान एवं एम. ए. तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी को तृतीय स्थान एवं बी. ए. पंचम सेमेस्टर की सोनी विश्वकर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. सुधा शुक्ला डॉ. दीपशिखा नागवंशी व डॉ. अवन्तिका पाठक ने निभाई। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।




## राष्ट्रीय खेल दिवस

29 अगस्त को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंडोरगेम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत शतरंज, कैरम, एवं म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टीम 01 के गौरवनाथ विजेता एवं उपविजेता हिमांशु तथा टीम 02 में किशन रौनियार विजेता व उपविजेता विशाल सिंह रहें। वही कैरम प्रतियोगिता में टीम 01 में विजेता ज्योति एवं उपविजेता रानी जबकि टीम 02 में विजेता बबली चौहान व उपविजेता अनीशा रही म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अनुराधा, निधि, अंकिता सिंह, प्रियंका विधि, अर्पणा सिंह, सोनिका सिंह, माया आदि विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।



# समाचार पत्रो में प्रकाशित महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम

amarujala.com | 2

गोरखपुर | शनिवार, 5 अगस्त 2023

## फूड मेकिंग में क्षिप्रा रानी प्रथम, लक्ष्मी रहीं द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ के गृह विज्ञान विभाग की ओर से विश्व स्तनपान सप्ताह के चौथे दिन फूड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एमए तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी प्रथम व लक्ष्मी कुमारी द्वितीय रहीं। बीए की शीतल शर्मा तृतीय रहीं, जबकि सांत्वना पुरस्कार वंदना चौहान को मिला। निर्णायक की भूमिका उप प्राचार्य शिप्रा सिंह, डॉ. दीपशिखा नागवंशी तथा स्मृति सिंह ने निभाई। संयोजन रीतिका त्रिपाठी ने किया। संवाद

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com | गोरखपुर शनिवार 5 अगस्त 2023 | 02

## फूड मेकिंग में क्षिप्रा प्रथम, लक्ष्मी रहीं द्वितीय

गोरखपुर। एमपी पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के चौथे दिन फूड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एमए तृतीय सेमेस्टर की क्षिप्रा रानी प्रथम व लक्ष्मी कुमारी द्वितीय रहीं। बीए की शीतल शर्मा तृतीय रही जबकि सात्वना पुरस्कार वंदना चौहान को मिला।

गोरखपुर शुक्रवार 4 अगस्त 2023 | 02 | हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

## भाषण में महिमा प्रथम और प्रीति रहीं द्वितीय

गोरखपुर। एमपी महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के तीसरे दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की महिमा यादव प्रथम व प्रीति विश्वकर्मा द्वितीय रहीं। बीए की महिमा यादव तृतीय और सांत्वना पुरस्कार एमए की क्षिप्रा ने प्राप्त किया।

गोरखपुर | शनिवार, 19 अगस्त 2023 | 7 | अमर उजाला

## प्राचीन और वर्तमान उपलब्धियों से जाना जाता है राष्ट्र : प्रो. योगेंद्र

**महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में व्याख्यानमाला का दूसरा दिन**

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। इलाहबाद विश्वविद्यालय के हिंदी के आचार्य प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र उसकी प्राचीन और वर्तमान उपलब्धियों से जाना जाता है। प्राचीन उपलब्धियां, जो संजोकर रखी जाती है और विरासत बन जाती है। विरासत संस्कृति का वह तत्व है जो भावी पीढ़ी सामूहिक रूप से अर्जित कर सकती है।

वह महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के तत्वावधान में आयोजित महंत अवेद्यनाथ स्मृति सप्त दिवसीय 'हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत' विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत सबसे अधिक प्राचीन, सर्वाधिक विस्तृत तथा विविधताओं से परिपूर्ण है। वस्तुतः भारत की संस्कृति अनेक जीवन-पद्धतियों का समन्वय प्रस्तुत करती है।

संचालन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह और आभार ज्ञापन उप प्राचार्य डॉ. विजय चौधरी ने किया। इस दौरान उप प्राचार्य शिप्रा सिंह, डॉ. वेंकट रमन, विनय सिंह, डॉ. सुबोध मिश्र, डॉ. अखिलेश गुप्ता, डॉ. नीलम गुप्ता, प्रियंका मिश्रा, अभिषेक वर्मा, डॉ. आरएन सिंह, डॉ. एसएन शुक्ल, दीप्ति गुप्ता, श्रीकांत मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com | गोरखपुर शनिवार 12 अगस्त 2023 | 05

## व्याख्यान में अनीशा प्रथम, अंशु द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में 'उत्तर भारत के विकास में कृषि का महत्व' विषय पर शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अनीशा प्रथम, अंशु द्वितीय और जाहिदा खातून तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. अरुण राव, अरविन्द मौर्य और डॉ. अखिलेश गुप्ता शामिल रहे। संयोजन अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. मंजेश्वर ने किया।

www.livehindustan.com हिन्दुस्तान | गोरखपुर, मंगलवार, 15 अगस्त 2023 | 06

## अखंड और सुदृढ़ सूत्र में बंधा है भारत

गोरखपुर। भारत प्राचीनकाल से ही राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से एकात्मकता के अखण्ड और सुदृढ़ सूत्र में बंधा रहा है। भारत ने सदैव एक मजबूत और अखंड इकाई के रूप में विश्व में अपनी पहचान को स्थापित किया है। ये बातें माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय महिला महाविद्यालय, खलीलाबाद के इतिहास विभाग के डॉ. विद्याधर मिश्र ने कही। वे सोमवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में अखंड भारत स्मृति दिवस पर आयोजित व्याख्यान को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। वास्तव में अखण्ड भारत की परिकल्पना का आशय सांस्कृतिक राष्ट्र का निर्माण है।

गोरखपुर | मंगलवार, 22 अगस्त 2023 7
अमर उजाला

## भारत-ईरान में कई समानताएं

गोरखपुर। प्राचीनकाल से ही भारत और ईरान के मध्य सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक समानताएं रही हैं। वैदिक संस्कृति की ओर से परिवृत्त होने वाले भारतीय धर्म के सिद्धांत और ईरानी धर्म के अवेस्ताई सिद्धांतों में उत्कृष्ट सामंजस्य पाया जाता है। ये बातें गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विपुला दुबे ने कहीं। वह सोमवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित महंत अवेद्यनाथ स्मृति सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के पांचवें दिन 'भारत ईरान संबंध एक सांस्कृतिक संवाद' विषय पर बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं का प्रमुख धर्मग्रंथ ऋग्वेद है वैसे ही पारसियों में अवेस्ता है। आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने व संचालन डॉ. सुबोध मिश्र ने किया। संवाद

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com
गोरखपुर मंगलवार 22 अगस्त 2023 05

## प्राचीन काल से ही भारत ईरान में कई समानताएं

गोरखपुर, निसं। प्राचीनकाल से ही भारत व ईरान के मध्य सामाजार्थिक एवं धार्मिक समानताएं रही हैं। वैदिक संस्कृति द्वारा परिवृत्त होने वाले भारतीय धर्म के सिद्धांत और ईरानी धर्म के अवेस्ताई सिद्धांतों में उत्कृष्ट सामंजस्य पाया जाता है।

यह बातें डीडीयू के प्राचीन इतिहास की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विपुला दूबे ने कही। वे सोमवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित महंत अवेद्यनाथ स्मृति सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के पांचवें दिन 'भारत ईरान सम्बन्धः एक सांस्कृतिक संवाद' विषय पर बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रही थीं। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने आभार ज्ञापन किया। संचालन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया।

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
गोरखपुर, गुरुवार, 17 अगस्त 2023 04

**स्वतंत्रता दिवस समारोह** | महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय समेत गोरक्षपीठ से जुड़े सभी शैक्षिक संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया, कई कार्यक्रम हुए

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद, दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना। कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद कुलपति ने परिक्षेत्र के आसपास के शहीद स्मारक एवं धार्मिक स्थल से संग्रहित मिट्टी वाले अमृत कलश पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ.प्रदीप कुमार राव, उप कुलसचिव श्रीकांत, अधिष्ठाता प्रो.सुनील कुमार सिंह, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डी.एस.अजीथा उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस ने किया।

**दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेजः** दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, प्रो. परीक्षित सिंह डॉ. संजय त्रिपाठी, प्रो. अरुण तिवारी मौजूद रहे।

**कन्या इंटर कॉलेज व पीजी कॉलेज :** महाराणा प्रताप कन्या इंटर कॉलेज एवं महिला पीजी कॉलेज, रामदत्तपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सुबह छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली। इस



स्वतंत्रता दिवस पर जुबिली इंटर कालेज से निकाले गये रूटमार्च में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के मुखौटे पहने बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे।

अवसर पर प्राचार्या डॉ. सीमा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। उधर, महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में मुख्य अतिथि डीडीयू के शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रोफेसर सुषमा पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्षता उप प्राचार्य डॉ. विजय चौधरी ने की। वहीं, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि उप्र हिन्दी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सदानन्द प्रसाद गुप्त रहे।

**महाराणा प्रताप सीनियर सेकंडरी स्कूल :** एमपी सीनियर सेकंडरी स्कूल, बेतियाहाता में प्रधानाचार्य पंकज कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डीडीयू के राजनीति शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया।

**महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक :** महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक में मुख्य अतिथि एमएमएमयूटी के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार सोनी ने ध्वजारोहण किया। प्रो. एसके सोनी, प्रधानाचार्य मेजर डॉ. पाटेश्वरी सिंह आदि मौजूद रहे।

**श्री गोरखनाथ संस्कृत विद्यापीठ :** श्री गोरखनाथ संस्कृत विद्यापीठ पीजी कॉलेज, गोरखनाथ मंदिर में मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ वेदप्रकाश पाण्डेय व विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया।

हिन्दुस्तान www.livehindustan.c
गोरखपुर गुरुवार 24 अगस्त 2023 05

## वास्तविक शिक्षा वही, जो व्यक्ति को संस्कृति से जोड़े

**व्याख्यान**

गोरखपुर, निज संवाददाता। वास्तविक शिक्षा वही है जो व्यक्ति को संस्कृति से जोड़ती है। यह सर्वविदित है कि प्राचीन भारतीय शिक्षा अहंकार से मुक्त होने की परम्परा है। गुरुकुल में ऋषि-शिष्यों के सम्बन्ध में यह वर्णित है।

यह बातें डॉ. भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विवि के आचार्य प्रो. राज शरण शाही ने कही। वे बुधवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के तत्वावधान में आयोजित महंत अवेद्यनाथ स्मृति सप्त दिवसीय व्याख्यानमाला के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की चिंतन का केंद्र बिंदु सामाजिक संवेदना, सामाजिक चेतना तथा सामाजिक समरसता रहा है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान मां है।

प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि वस्तुतः शिक्षा का प्रत्यक्ष सम्बन्ध समाज के उत्थान से होता है। शिक्षा एक कुशल एवं स्वस्थ्य परम्परायुक्त समाज की स्थापना करती है। संचालन उप प्राचार्य शिप्रा सिंह ने किया। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान www.
गोरखपुर, बुधवार, 23 अगस्त 2023 06

## छात्रसंघ चुनाव 30 को आचार संहिता लागू

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव 30 अगस्त को होगा। चुनाव प्रक्रिया में 28 अगस्त से प्रतिनिधि चयन तथा पदाधिकारी नामांकन होगा। जबकि 29 अगस्त को योग्यता भाषण का आयोजन किया जाएगा।

मंगलवार को चुनाव तिथि की घोषणा के साथ महाविद्यालय में चुनाव आचार संहिता लागू कर दी गई है।एमपी पीजी कॉलेज के जन संपर्क अधिकारी डॉ. अभय प्रताप सिंह ने बताया कि छात्र संघ प्रभारी डॉ. हरिकेश यादव को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। करीब ढाई हजार विद्यार्थी चुनाव में मतदान करेंगे। चुनाव से एक दिन पूर्व तक दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राएं मतदान के लिए अर्ह होंगे। कॉलेज प्रशासन ने छात्र संघ चुनाव को लेकर विस्तृत आचार संहिता जारी की है। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज इस वर्ष भी सबसे पहले छात्र संघ चुनाव कराने वाला शिक्षण संस्थान बन गया है।

हिन्दुस्तान www गोरखपुर, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 06

# अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर दो का नामांकन

**एमपी पीजी**

- महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में 4 पदों के लिए आठ ने किया नामांकन
- कल होगा चुनाव, करीब 2700 से छात्र-छात्राएं करेंगे मतदान का प्रयोग

**गोरखपुर,** निज संवाददाता। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए दो-दो, महामंत्री पद पर तीन और पुस्तकालय मंत्री पद के लिए एक ने नामांकन किया है। वहीं 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर शिवम गुप्ता एवं ममता गौड़ ने पर्चा भरा है। उपाध्यक्ष पद पर पूजा मद्धेशिया एवं संजना सिंह ने पर्चा दाखिल किया। महामंत्री पद पर पूनम यादव, भानू प्रताप सिंह एवं आलोक चौहान ने तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर सचिन चौहान ने अपनी अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों द्वारा भरे गए पर्चों की वापसी मंगलवार की सुबह 9 से 10 बजे के बीच किया जाएगा। इसके बाद पर्चों की जांच कर वैध प्रत्याशियों की सूची दोपहर 11 बजे प्रकाशित कर दी जाएगी। दोपहर 12:30 बजे से योग्यता भाषण में विद्यार्थियों के समक्ष प्रत्याशी आम सभा में अपना पक्ष रख सकेंगे। मतदान 30 अगस्त की सुबह 8:30 बजे से शुरू होगा।

उन्होंने बताया कि कुल 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव छात्रसंघ संविधान के अनुसार कराया गया। विभिन्न पदों के लिए चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। बुधवार को तीन मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों की प्रत्याशिता आरोप सिद्ध होने पर समाप्त कर दी जाएगी।

अमर उजाला

गोरखपुर | मंगलवार, 29 अगस्त 2023

# अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चार नामांकन हुए

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए दो-दो, महामंत्री पद के लिए तीन और पुस्तकालय मंत्री पद के लिए एक छात्र ने नामांकन किया। वहीं 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव कराया गया। चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर शिवम गुप्ता एवं ममता गौड़ ने पर्चा भरा। संवाद

दैनिक जागरण 4 गोरखपुर, 29 अगस्त, 2023 www.jagran.com

# अध्यक्ष के दो व महामंत्री पद पर तीन नामांकन

- एमपी महाविद्यालय जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन
- 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का कराया गया चुनाव

**गोरखपुर:** महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए दो-दो, महामंत्री पद पर तीन और पुस्तकालय मंत्री पद के लिए एक ने नामांकन किया। वहीं 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव कराया गया।

चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर शिवम गुप्ता, ममता गौड़, उपाध्यक्ष पद पर पूजा मद्धेशिया, संजना सिंह ने पर्चा दाखिल किया। महामंत्री पद पर पूनम यादव, भानू प्रताप सिंह एवं आलोक चौहान तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर सचिन चौहान ने अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। पर्चों की वापसी मंगलवार को सुबह नौ से 10 बजे की जाएगी।

इसके बाद पर्चों की जांच कर वैध प्रत्याशियों की सूची दोपहर 11 बजे प्रकाशित कर दी जाएगी। दोपहर 12:30 बजे से योग्यता भाषण में विद्यार्थियों के समक्ष प्रत्याशी आम सभा में अपना पक्ष रख सकेंगे। मतदान 30 अगस्त को सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होगा।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि कुल 23 विषयों के 55 कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव छात्रसंघ संविधान के अनुसार कराया गया। चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है। बुधवार को तीन मतदान केंद्रों पर वोट डाले जा सकेंगे। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों की प्रत्याशिता आरोप सिद्ध होने पर समाप्त कर दी जाएगी। (विज्ञप्ति)



महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के छात्रसंघ चुनाव में पर्चा दाखिल करती कक्षा प्रतिनिधि • सौ. महाविद्यालय

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
गोरखपुर रविवार 27 अगस्त 2023
08

## छात्रसंघ चुनाव 30 को, 27 सौ विद्यार्थी करेंगे मतदान

**एमपीपीजी**

गोरखपुर, निज संवाददाता। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में 30 अगस्त को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनाव प्रक्रिया 28 अगस्त से शुरू होगी। इसमें कुल 2716 विद्यार्थी अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर कॉलेज प्रशासन ने पूरी योजना तैयार कर ली है। शनिवार को इस सम्बंध में कक्षा प्रतिनिधि चयन की योजना बैठक चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी की जिम्मेदारियां तय की गई। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव पर्यवेक्षक होंगे। उप चुनाव अधिकारी नन्दन शर्मा बनाए गए हैं।

छात्रसंघ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री और पुस्ताकलय मंत्री पदों के लिए 30 अगस्त को चुनाव होगा। उससे पहले 28 अगस्त को सुबह परीक्षा के आधार पर कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव होगा। विषयवार-कक्षावार कक्षा प्रतिनिधि चुने जाएंगे। कक्षा प्रतिनिधि चुने गए छात्र-छात्राओं में से ही अन्य छात्रसंघ पदों के लिए 28 अगस्त को ही पर्चा दाखिल करेंगे। 29 को सुबह 9 से 10 बजे तक प्रत्याशी अपनी प्रत्याशिता वापस ले सकता है। उसके बाद 10:30 से 11 बजे तक पर्चे की जांच की जाएगी। दोपहर करीब 12 बजे वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। वैध प्रत्याशियों की उसी दिन क्वालीफाइंग स्पीच आयोजित होगी। इसमें प्रत्याशी अपनी बात रख सकेंगे।

**सुबह 8:30 बजे से वोट**

30 अगस्त सुबह 8:30 से 1:30 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 2:30 बजे से होगी। चुनाव परिणाम आने के बाद शाम को चुनाव अधिकारी प्रमाण पत्र बांटेंगे।

गोरखपुर, 31 अगस्त, 2023
www.jagran.com
दैनिक जागरण 5

## ममता अध्यक्ष, संजना उपाध्यक्ष निर्वाचित

एमपी महाविद्यालय **छात्र संघ चुनाव :** अध्यक्ष पद पर रही कड़ी टक्कर, नौ वोट से मिली जीत



महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड में छात्रसंघ चुनाव में मतदान करती मतदाता • जागरण



महाराणा प्रताप महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में विजयी पदाधिकारी, चुनाव अधिकारी, उपचुनाव अधिकारी तथा महाविद्यालय के शिक्षक • सौ. महाविद्यालय

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में बुधवार को हुए छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर ममता गौड़, उपाध्यक्ष पद पर संजना सिंह और महामंत्री पद पर आलोक चौहान निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर कड़ी टक्कर में सिर्फ नौ वोट से ममता गौड़ विजयी हुईं। कुल 2867 विद्यार्थियों में 1948 ने मतदान में ...

चुनाव में अध्यक्ष पद पर ममता गौड़ अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवम गुप्ता को नौ मतों से पराजित किया। ममता को 954 और शिवम को 945 मत प्राप्त मिले। उपाध्यक्ष पद पर संजना सिंह विजयी घोषित की गईं। उन्होंने पूजा मद्धेशिया को 131 मतों के अंतर से हराया। संजना को 1006 तथा पूजा को 875 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर आलोक चौहान ने भानु प्रताप सिंह से 22 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। आलोक को 1679 तथा भानु प्रताप सिंह को 657 मत मिले। वहीं 581 मत प्राप्त कर पूनम यादव तीसरे स्थान पर रहीं। पुस्तकालय मंत्री पद पर सचिन चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए। सुबह 8:30 बजे से महाविद्यालय के विद्यार्थी मतदाताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए अपने मतों का प्रयोग करना शुरू किया। मतदान महाविद्यालय के तीन मतदान केंद्रों (स्वामी दयानंद सरस्वती कक्ष, भौतिकी प्रयोगशाला कक्ष तथा वराहमिहिर कक्ष) पर हुआ। दोपहर 2:30 बजे से चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रत्याशियों के समक्ष मतगणना कराई गई और प्राप्त परिणामों के आधार पर विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। (विज्ञप्ति)

दैनिक जागरण
गोरखपुर, 30 अगस्त, 2023
www.jagran.com

## महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूष में छात्रसंघ चुनाव आज

जासं, गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में बुधवार को छात्रसंघ चुनाव होगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 8:30 बजे से कालेज परिसर में निर्धारित तीन मतदान केंद्रों पर होगी। मतगणना दोपहर ढाई बजे शुरू होगी और परिणाम प्राप्त होने तक चलती रहेगी। चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव के अनुसार चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशी की प्रत्याशिता आरोप सिद्ध होने पर तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।

**अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए दो-दो प्रत्याशियों में मुकाबला, महामंत्री पद के लिए चुनाव मैदान में है तीन प्रत्याशी**

अध्यक्ष पद के लिए शिवम गुप्ता, ममता गौड़, उपाध्यक्ष पद के लिए पूजा मद्धेशिया, संजना सिंह, महामंत्री पद के लिए पूनम यादव, भानू प्रताप सिंह, आलोक चौहान और पुस्तकालय मंत्री के लिए सचिन चुनाव मैदान में हैं। छात्रसंघ चुनाव के लिए मंगलवार को कालेज में योग्यता भाषण कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी प्रत्याशियों ने विद्यार्थियों के समक्ष भाषण के जरिये अपनी योग्यता साबित करने की हरसंभव कोशिश की। कालेज के विकास और विद्यार्थियों के हित में अपनी योजनाएं साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ कुमार शुक्ला ने किया। इससे पहले चुनाव अधिकारी द्वारा प्रत्याशियों के पर्चे की जांच की गई। सभी पर्चे वैध पाए गए।

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

### महाराणा प्रताप महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ छात्रसंघ चुनाव

## ममता अध्यक्ष व संजना उपाध्यक्ष निर्वाचित

**चुनाव**

- अध्यक्ष पद पर रहा रोचक मुकाबला, 9 मतों से जीतीं ममता
- पुस्तकालय मंत्री पद पर सचिन चौहान निर्विरोध निर्वाचित

गोरखपुर, निज संवाददाता। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में बुधवार को छात्रसंघ चुनाव सकुशल संपन्न हो गया। अध्यक्ष पद पर रोमांचक मुकाबले में ममता गौड़ महज नौ वोटों से विजेता घोषित हुईं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर संजना सिंह और महामंत्री पद पर आलोक चौहान निर्वाचित हुए।

सुबह 8:30 बजे से शुरू हुए मतदान में कुल 2867 विद्यार्थियों में से 1948 ने अपने मतदान का प्रयोग किया। यानी मतदान प्रतिशत करीब 68 प्रतिशत रहा। अध्यक्ष पद पर ममता गौड़ ने सीधे मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी शिवम गुप्ता को 9 मतों से पराजित किया। ममता को 954 और शिवम को 945 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर संजना सिंह ने पूजा मद्धेशिया को 131 मतों के अंतर से पराजित किया। संजना को 1006 वोट मिले, जबकि पूजा को 875 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर आलोक चौहान ने भानु प्रताप सिंह को कांटे की टक्कर में 22 मतों के अंतर से पराजित किया। आलोक को 679 तथा भानु प्रताप सिंह को 657 मत प्राप्त हुए। पुस्तकालय मंत्री पद पर सचिन चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपा। इसके बाद माल्यार्पण कर सभी विजेता प्रत्याशियों को बधाई दी गई।

**लगातार दूसरे वर्ष छात्रा बनीं अध्यक्ष**

वर्ष 2004 में स्थापित इस महाविद्यालय में पिछले वर्ष भी छात्र संघ चुनाव में साक्षी पाण्डेय अध्यक्ष चुनी गई थीं। लगातार दूसरे वर्ष छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर छात्रा का कब्जा रहा।

amarujala.com
अमर उजाला बृहस्पतिवार, 31 अगस्त 2023
9



छात्रसंघ चुनाव में विजयी पदाधिकारियों के साथ चुनाव अधिकारी व महाविद्यालय के शिक्षक। अमर उजाला

## ममता अध्यक्ष, संजना उपाध्यक्ष और आलोक महामंत्री निर्वाचित

### महाराणा प्रताप महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव संपन्न

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में बुधवार को हुए छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर ममता गौड़, उपाध्यक्ष पद पर संजना सिंह और महामंत्री पद पर आलोक चौहान निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर में महज 9 वोट से ममता गौड़ विजयी हुईं। कुल 2867 विद्यार्थियों में से 1948 ने मतदान में भाग लिया।

सुबह 8.30 बजे से महाविद्यालय के तीन केंद्रों (स्वामी दयानन्द सरस्वती कक्ष, भौतिकी प्रयोगशाला कक्ष तथा वराहमिहिर कक्ष) में मतदान शुरू हुआ। दोपहर 2.30 बजे से मतगणना कराई गई। चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद उनको प्रमाण पत्र प्रदान किया।

अध्यक्ष पद पर ममता गौड़ अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवम गुप्ता को 9 मतों से पराजित किया। ममता को 954 और शिवम को 945 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर संजना सिंह ने पूजा मद्धेशिया को 131 मतों के अंतर से मात दी। संजना को 1006 वोट प्राप्त हुए।

हिन्दुस्तान गोरखपुर, बुधवार, 30 अगस्त 2023 08



महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव के लिए प्रक्रिया की जानकारी देते चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव।

## एमपी पीजी में 2867 छात्र आज चुनेंगे अपना प्रतिनिधि

गोरखपुर, निज संवाददाता। एमपीपीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव बुधवार को सुबह 8:30 बजे से होगा। दोपहर 2:30 बजे से मतगणना होगी। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें कुल 2867 छात्र अपना प्रतिनिधि चुनेंगे।

बुधवार को पर्चा वापसी का दिन था। किसी ने भी पर्चा वापस नहीं लिया। इसके बाद चुनाव अधिकारी हरिकेश यादव ने प्रत्याशियों के सभी पर्चों की जांच की। सभी पदों के प्रत्याशियों का पर्चा वैध पाया गया। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए शिवम गुप्ता एवं ममता गौड़ के बीच सीधा मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद पर दोनों महिला उम्मीदवारों पूजा मद्धेशिया एवं संजना सिंह आमने-सामने हैं।

**योग्यता भाषण में मांगा समर्थन**

परंपरागत रूप से प्रत्याशियों के लिए योग्यता भाषण का आयोजन किया गया। इसमें सभी पदों के प्रत्याशियों ने अपने लिए समर्थन मांगते हुए चुनाव बाद अपना एजेंडा बताया। सभी प्रत्याशियों ने बिंदुवार कॉलेज व छात्रहित में कार्य किए जाने का आश्वासन दिया।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अगस्त माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

**महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़ गोरखपुर**